हमारा दून

भीख मांगते पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक।

पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षकों ने मांगी भीख

देहरादून। उत्तराखण्ड पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षको ने शुक्रवार को भीख मांगकर अपना आक्रोश जताया। उधर धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार की अनदेखी को और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दो दिनों से धरने पर बैठे पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षको धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा। सरकार द्वारा की जा रही अनदेखी से नाराज शिक्षको ने सामूहिक रूप से भीख मांग कर प्रदर्शन किया।

□सरकार की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त

धरने पर बैठै शिक्षको ने तिब्बती मार्केट से होते हुये घंटाघर ,पल्टन बाजार रायपुररोड़ तक भीख मांगी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि आज धरने के तीसरा दिन होने के बावजूद सरकार ने हड़ताल पर बैठे शिक्षको की सुध तक नही ली है। सरकार इस प्रकार के रवैये से कर्मियों का मानसिक तथा वित्तीय शोषण कर रही है। पिछले दो महीनों से बेरोजगारी झेल रहे शिक्षक बहुत ही मुश्किल से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा हड़ताली शिक्षको को आपदा का वास्ता दिया जा रहा है, लेकिन स्वय मुख्यमंत्री व उनके मंत्रियों के खर्चो पर कोई लगाम नही लग रहा है।

शक्षको ने मंत्रियो के अनावश्यक खर्चो पर आपदा का हवाला ना दे। प्रदर्शन व भीख मांगने वालों में खगेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्र पाठक, आशीष सेमवाल,महेश पाल, पूरन सिंह स्वाति, निधि दिव्या आदि मुख्य रूप से शमिल थे।

आवेदकों को दी गयी अनुमति

देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय/जिलधिकारी चन्द्रेश कुमार ने अवगत कराया है कि सहायक रिटर्निग ऑफिसर चकराता एवं कालसी द्वारा प्रमुखों/ज्येष्ठ उप प्रमुखों/कनिष्ठ प्रमुखों के निर्वाचक की निरक्षरता, अन्धता या अशक्तता के कारण सहायक/साथी उपलब्ध कराये जाने के जाने के सम्बन्ध में प्रारूप 7–क में प्रस्तुत किये गय है। आवेदकों को सहायक /साथी उपलब्ध कराने हेतु अनुमति प्रदान कर दी गई है। उन्होने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों के आवेदन सहायक/साथी उपलब्ध करा दिये गये है जिसमें विकासखण्ड चकराता से निर्वाचक सैना देवी को साथी युद्ववीर सिंह ग्राम कुनवा, मीना देवी साथी रेठू सिंह ग्राम लोहाली, प्रतिभा साथी भीमदत्त ग्राम थणता, सुमित्रा साथी भागीराम गाम पुरटाड, जगो देवी साथी सुन्दर राम शर्मा ग्राम दौधा, शशिता साथी जगत सिंह ग्राम पोखरी, रोशनी साथी शान्ति प्रसाद ग्राम म्यूढा, दीपो देवी साथी खजान सिंह ग्राम विपरा, निर्मला साथी जयपाल सिंह ग्राम मानवा, रंजना साथी चतर सिंह ग्राम निगमा, ललिता साथी बलवीर सिं ग्राम टिवटाड, डबली साथी कमल किशोर चकराता बाजार, जोगिन्द्रा साथी राजवीर सिंह ग्राम ओबरासेर तथा विकास खण्ड कालसी से निर्वाचक राम सिंह साथी सुनील शर्मा ग्राम टिपउ, मीना देवी साथी मातबर सिंह ग्राम वामनवाला, सरोज साथी भगत सिंह ग्राम व्यासभूड, खिमा देवी साथी अतर सिंह ग्राम उबरौउ को अनुमति प्रदान की गई है।

शहीदों के बारे में जाने युवा पीढ़ी : रावत

देहरादून। मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यह जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी अपने शहीदों के बारे में जाने। कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही श्रीदेव सुमन के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी। इसके साथ ही श्रीदेव सुमन के बलिदानों को अमर करने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

बीजापुर राज्य अतिथि गृह में शुक्रवार को अमर शहीद श्रीदेव सुमन की 71वीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हरीश रावत ने टिहरी बांध परियोजना अथवा जलाशय का नामकर श्रीदेवसुमन सागर रखे जाने की घोषणा की। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अमर शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदानों को भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे एक अदभुत व्यक्तित्व वाले थे। दुनिया में जब कभी भी अपने देश के लिए बलिदान होने वालों का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें श्रीदेव सुमन का नाम सबसे ऊपर याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रीदेव सुमन का सदैव यह विचार रहा है कि दरिद्रनारायण की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहे। उन्होंने कहा कि हमारा भी यही ध्येय है, कि हम दरिद्र नारायण की सेवा तन, मन, धन से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने इस क्षेत्र के लिए जो बलिदान दिया, संघर्ष किया, उससे कभी भुलाया नही जा सकता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद परिपूर्णानंद पैन्यूली ने कहा कि राज्य सरकार ने श्रीदेव सुमन की पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर सराहनीय पहल की है। कहा कि राज्य सरकार को श्रीदेव सुमन के नाम पर योजनाएं शुरू करनी चाहिए। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल, हरीशचंद्र, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस किशोर उपाध्याय, पूर्व विधायक रणजीत सिंह वर्मा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सच्चिदानंद पैन्यूली, साहित्यकार अतुल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजीव नयन बहुगुणा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में साहित्यकार नीलम प्रभा वर्मा द्वारा लिखित काव्य संग्रह 'बसंत का विहार' का भी मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विमोचन किया।

□श्रीदेव सुमन के नाम पर शुरू होगी छात्रवृत्ति योजना

श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि देते मुख्यमंत्री, साथ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष।

समाचार सार

शिवरात्रि पर शिवालयों में विशेष जलाभिषेक

देहरादून। श्रावण मास की शिवरात्रि पर द्रोणनगरी भी शिवमय हो गयी। हर तरफ बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। भगवान भोलेनाथ के अभिषेक करने के लिए शुक्रवार तड़के से ही तमाम शिवालयों में शिवभक्तों की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हुई थी। जलाभिषेक के बाद मंदिरों में विशेष पूजा व भण्डारें का आयोजन किया गया। श्रावण मास की शिवरात्रि पर सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव की पूजा, अर्चना व जलाभिषेक के लिये शिवभक्तों ने पहुंचना शुरू कर दिया था। कई मंदिरों के कपाट तो श्रद्धालुओं के लिए रात्रि 12 बजे से खोल दिये गये थे। रात्रि से ही मंदिरों में बम–बम भोले के जयकारे गूंजने लगे थे, भगवान शिव की पूजा के लिये जलाभिषेक का विशेष महत्व है। शहर में विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है। गढ़ी कैंट स्थित टपकेश्वर मंदिर में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। रात्रि 12 बजे से ही कांवडियों के लिये मंदिर के कपाट खोल दिये गये थे। टपकेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए जहां श्रद्धालु लाईन में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। वहीं कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी।

जेवरात समेत नकदी चोरी

देहरादून। संवाददाता

पटेलनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरों ने घर का ताला तोड़ तिजोरी में रखें जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। बात दे कि सुरेन्द्र सिंह चौहान निवासी टीएचडीसी कालोनी नारायण विहार कुछ दिन के लिये घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात चोरों ने मौका पाते ही उनके घर का ताला तोड़कर तिजोरी में रखें सोने–चांदी के जेवरात व 2200 रूपयें नकद पर हाथ साफ कर फरार हो गये। पड़ोसियों की सूचना पर सुरेन्द्र आनन–फानन में घर वापस लौटे तो पाया की घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। वहीं तिजोरी से सारा माल भी गायब था।

गौकशी के लिये जा रहें आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली की वाहन में कुछ पशुओं को गौकशी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। मौके से पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तीन गौवंशीय पशु मिलें हैं। बता दे कि राजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कोर्पियों वाहन में तीन गौवंशीय पशुओं को हत्या करने के लिए ले जा रहा है। पुलिस फौरन हरकत में आई और चैकिंग अभियान शुरू कर दिया।

गाड़ी चुराने वाले धरे गए

देहरादून। शहर में गाड़ियां चुराने वालों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है बीती रात घोसी गली से एक मोटर साइकिल चोरी हुयी तो चोर सीसीटीवी में कैद हो गये जिसके बाद कुछ छात्र नेताओं ने उनमें से दो की पहचान की और उन्हें पुलिस ने गिरप्त में ले लिया। तीसरे चोर की तलाश में पुलिस लगी हुयी है। मिली जानकारी के अनुसार डीएवी में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे पंकज मेहता ने बीती रात अपनी पल्सर मोटर साईकिल घोसी गली में खड़ी की थी तभी वह चोरी हो गयी। जब वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो देखा कि मोटर चुराने वाले मेहूँवाला निवासी दो युवक हैं। जिन्हें दून बुलाया गया और उन्हें धारा चौकी पुलिस ने गिरप्त में ले लिया।

बाहरी कंपनियों पर लगे रोक : सिंह

देहरादून। ग्रामीण विकास समिति ने मल्टीलेवल कंपनियों पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने शासन–प्रशासन से इस तरह की कंपनियों के उत्तराखण्ड में रोक लगाने की मांग की है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए समिति से जुड़े कुंवर सिंह ने कहा कि प्रदेश में ऐसी कई मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनियां सक्रिय हैं जो जनता को गुमराह कर रही हैं। उनका कहना था कि सेमिनारों में ये कंपनियां बहला फुसलाकर लोगों को गुमराह कर देती हैं। इनके जाल में सबसे ज्यादा बेरोजगार, युवा घरेलू, महिलाएं, युवा वर्ग के साथही बुजुर्ग भी इनके जाल में फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठगी का खेल कर रही इन कंपनियों पर सख्त कार्यवाही किये जाने की जरूरत है, ताकि जनता को बचाया जा सके। उन्होंने ऐसे कम्पनियों के खिलाफ अभियान चलाने की भी मांग की है।

पत्रकारों से वार्ता करते कुंवर सिंह।

पत्रकार वार्ता में रवि गांधी, गोविंद, मुल्डराम, कलम सिंह,शिखा, निशंक गोयल, सूरज भान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

पंचायत चुनाव को कंट्रोल रूम स्थापित

देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय/जिलधिकारी चन्द्रेश कुमार ने अवगत कराया है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2014 में रिक्त रह गये पदो के निर्वाचन हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है रिक्त पदो के लिए निर्वाचन 26 जुलाई को तथा मतगणना 28 जुलाई 2014 को की जायेगी जिसके लिए पंचस्थानीय कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका दूरभाष संख्या–0135– 272044 एवं 0315–2726732 से निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त सूचना प्राप्त की जा सकती है जिसके लिए कार्मिको की नियुक्ति की गई है, जिसमें कंवरजीत कौर कनिष्ठ सहायक तथा उषा असवाल कनिष्ठ सहायक, व सुदर्शन सिंह नेगी दिनांक 26/7/2014 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक कन्ट्रोल रूम में तैनात रहेगे। सुनील जोशी कनिष्ठ सहायक के साथ मनीष तिवाडी कनिष्ठ सहायक एवं मोहन जोशी चतुर्थ श्रेणी 26 जुलाई को 2 बजे से रात्री 9 बजे तक कन्ट्रोल रूम में तैनात रहेगें तथा बिजेन्द्र लाल कनिष्ठ सहायक के साथ वीर सिंह तोमर पी.आर. डी. कपिल भारद्वाज चतुर्थ श्रेणी 26 जुलाई को रात्री 9 बजे से प्रातः 7 बजे से कन्ट्रोल रूम में तैनात रहेगें।

□28 जुलाई को होगी मतगणना

पेज 1 का शेष.....

पीड़ित पहुंचे ग्रीन टिब्यूनल

के खिलाफ जिला जज न्यायालय में वाद दायर किया जिसे फिर उच्च न्यायालय में ले गये, हारने पर अब वाद उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि खुद इस परिवार के लोगों ने इस प्रतिबन्धित भूमि के कुछ भाग को विक्रय किया है। नेशनल ग्रीन टिब्यूनल प्रमुख बैंच दिल्ली ने सुबीर मारियो चौफिन के अपील पर उक्त आदेश 26 मई को पारित किया था। इस पर उत्तराखण्ड सरकार के अपर सचिव वन द्वारा दिए गए प्रतिशपथ पत्र और आवेदनकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रो का अवलोकन करते हुए नेशनल ग्रीन टिब्यूनल ने वर्तमान आदेश पारित किया।

मेडिकल स्टोर से नकदी चोरी

देहरादून। संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दून अस्पताल के समीप संतोष सिंह मेडिकल स्टोर से नकदी चोरी होने की घटना सामने आई है। मामलें में दुकान के मालिक राशी जुनेजा ने पुलिस को शिकायत दी है। मामलें की पड़ताल की जा रहीं है। बता दे कि राशी जुनेजा का दून अस्पताल के सामने ही संतोष मेडिकल स्टोर है। बीती रात वो दुकान का करीब दो लाख रूपया गल्लें में ही छोड़कर चली गई थी। लेकिन जब सुबह वो दुकान खोलने पहुंची तो दुकान में लगा ताला देखकर उसने होश उड़ गए। उन्होंने गल्ला खोलकर देखा तो उसमें रखे 2 लाख रूपयें गायब थे। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस नेघटना स्थल का जायजा लिया। लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है जिससें चोरों तक पहुंचा जा सकें। वहीं शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उन्होंने दो साल में पहली बार गल्लें में रकम छोड़ी थी। जो उसी दिन गायब हो गई। पुलिस दुकान में काम करने वालों से भी पूछताछ कर रहीं है।

'लोकतंत्र में हार जीत दो पहलू'

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष उत्तराखण्ड विधानसभा अजय भट्ट ने कहा कि राज्य के तीनों विधानसभा उपचुनावों में जनता द्वारा दिये गये परिणामों को हम स्वीकार करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत कांग्रेस के तीनों प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र में हार जीत दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जो आज तक अपने को लगातार अस्थिर कहती थी अब जनता द्वारा उपचुनावों में दिये गये परिणामों के बाद वह बहुमत के बहुत करीब है और अब प्रदेश के विकास कार्यों में तेजी दिखायी जानी चाहिए।

भट्ट ने कहा कि कांग्रेस ने उपचुनावों में सभी सीटों पर सत्ताबल और धनबल का खुलकर दुरूपयोग किया और जनता को चारों ओर से छलकर जीत

□जनता द्वारा दिये गये परिणामों को हम स्वीकार करते हैं: भट्ट

हासिल की है। उन्होंने कहा कि धारचूला विधानसभा के बौना बूथ पर कैप्चरिंग के बाद पुनः मतदान होने से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस ने सरकारी मशीनरी के साथ ही बाहुबल के प्रयोग में भी कोई कोताही नहीं बरती और बौना बूथ के पीठासीन अधिकारी बधाई के पत्र हैं क्योंकि उन्होंने बिना किसी के डरे हुए इसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर वहॉ पर पुनः मतदान करवाया। श्री भट्ट ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने सरकारी मशीनरी का खुलकर दुरूपयोग किया और उपचुनाव में शराब, धन आदि का इस्तेमाल कर लोकतंत्र को कलंकित करने का प्रयास किया इससे कांग्रेस की मानसिकता

प्रदर्शित होती है कि वह चुनाव जीतने के लिए स्वच्छ लोकतंत्र को भी कलंकित करने में कभी पीछे नहीं रहती है। श्री भट्ट ने कहा कि जनता द्वारा दिये गये जनादेश के बाद अब बहुमत के बेहद करीब होने से कांग्रेस को अपने आपसी झगड़ों में न उलझकर प्रदेश के आपदाग्रस्त क्षेत्रों की ओर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस के आपसी झगड़ों ने प्रदेश को रसातल की ओर ले जाने का प्रयास किया है।

श्री भट्ट ने कहा कि कांग्रेस को चुनाव परिणामों के बाद सत्ता के नशे में चूर न होकर जनता के हित में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भा0ज0पा0 पूर्व की भॉति रचनात्मक विपक्ष की भूमिका में प्रदेश को बचाने का कार्य करती रहेगी क्योंकि कांग्रेस ने कभी शराब माफियाओं से मिलकर प्रदेश को लूटने का प्रयास किया है तो कभी भू–माफियाओं से मिलकर इस प्रदेश को लूटने का भरसक प्रयास किया किन्तु हम समय–समय पर कांग्रेस के इस जनविरोधी कृत्यों से जनता को अवगत कराते रहेंगे और सरकार को भी आगाह करते रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा पेज थ्री प्रेस,जाखन जोहड़ी रोड,
पो.ओ. राजपुर, देहरादून से मुद्रित व प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।